संपादकीय

आतंक पर नकेल

पुलवामा हमले के तीन हफ्ते बाद पाक ने कथित तौर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों पर कार्रवाई शुरू की है। जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के बेटे हमाद अजहर तथा भाई अब्दुल रऊप्प समेत 40 ऐसे आतंकवादी हिरासत में लिया है, जिनका किसी तरह इन संगठनों से नाता है। इमरान सरकार ने कई मदरसों और मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हफीज सईद की रहनुमाई में चल रहे जमात-उद-दावा तथा इसकी विंग फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन से जुड़ी संपत्ति को भी नियंत्रण में लिया है। पाक दिखाने की कोशिश में है कि यह पग उसने किसी दबाब में आकर नहीं उठाया, मगर यदि ईमानदारी होती तो पहले पहल होती। शुरू से इस पड़ोसी मुल्क का ट्रैक रिकार्ड कभी भी संदेह से परे नहीं रहा। ऐसे पहले उठाये कदम आंखों के धोखे ही साबित हुए। गत तजुर्बे ही ये बताने के लिए काफी हैं कि 2001 में हुए संसद पर हमले, 2008 के मुंबई कांड और 2016 में पठानकोट एयरबेस पर आ मण के बाद भी पाक में आतंकवाद की फैक्टरियां क्यों चल रही हैं? फिर इस बार ऐसा क्या है जिस पर एतबार किया जाए कि पाक की नीयत नापाक नहीं।

कहना जल्दबाजी होगी कि सीमा पार बदलाव की बयार बहनी शुरू हो गयी है। गत मंगलवार को ही पाक ने ऐलान किया था कि करतारपुर कॉरिडोर समझौता मसौदे पर विचार के लिए 14 मार्च को प्रतिनिधिमंडल भारत भेजेगा। इसके बाद भारतीय ि केट टीम 28 मार्च को इस्लामाबाद का दौरा करेगी। चूंकि गुरुनानक देव के 550वें जन्मशताब्दी समारोह में अभी आठ माह ही शेष बचे हैं, यह राजनयिक पहल द्विपक्षीय तनाव कम कर सकती है। विश्वास बहाली का दूसरा पग इमरान खान के निर्देश पर पाक की पंजाब प्रांत सरकार द्वारा उठाया गया है, जिसमें प्रदेश के सूचना व संस्कृति मंत्री फैजुलहसन चोहान को हिन्दू विरोधी बयान देने पर पद से बर्खास्त करना है। जो बताता है कि पाक सम्बंध सामान्य करने की कोशिश में है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर घेरेबंदी करने के बाद अब भारतीय नेतृत्व पर निर्भर है कि वे इस बार भी देश को ठगे जाने से कैसे बचाते हैं?

ईरानी तेल निर्यात शून्य करने का इरादा : पोम्पिओ

ह्यूस्टन (आरएनएस)। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने एक ऊर्जा सम्मेलन में कहा कि अमेरिका का इरादा जल्द से जल्द ईरान के तेल निर्यात को शून्य कराना है। पोम्पिओ ने कहा, ईरानी तेल निर्यात को हर हाल में जल्द से जल्द शून्य करने का हमारा इरादा है।

उन्होंने ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों को तब तक जारी रखेगा जब तक ईरान अमेरिकी विदेश मंत्री के अनुसार यूरोप एवं पश्चिम एशिया में अहितकर व्यवहार बंद नहीं करेगा।

विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका अपनी ऊर्जा का उपयोग अन्य देशों के बीच समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है जबकि अन्य राष्ट्र अपने ऊर्जा संसाधनों का उपयोग अहितकारी गतिविधियों के लिए करते हैं। पोम्पिओ ने दक्षिण चीन सागर में चीन के अवैध द्वीप निर्माण का उल्लेख किया जो आसियान देशों को 2.5 खरब से से अधिक पाने योग्य संसाधनों तक पहुंचने से रोक रहा है।

उन्होंने ने कहा कि इसके अलावा अमेरिका नहीं चाहता है कि उसके यूरोपीय सहयोगी नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन के माध्यम से रूसी गैस पर निर्भर रहें। उन्होंने दावा किया कि रूस ने यूक्रेन पर राजनीतिक दबाव बनाने के लिए अपनी पाइपलाइन का इस्तेमाल किया।

भारती इंफ्राटेल में हिस्सेदारी घटाएगी भारती एयरटेल

मुंबई (आरएनएस)। टेलीकॉम क्षेत्र की प्रमुख कंपनी, भारती एयरटेल, नेटल इंफ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट्स को करीब 32 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर भारती इंफ्राटेल में अपनी 18.3 फीसदी हिस्सेदारी घटाएगी। इंफ्राटेल ने एक नियामकीय फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी। नियामकीय फाइलिंग में कहा गया है कि भारती एयरटेल के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी नेटल इंफ्रास्ट्रक्चर की इंफ्राटेल में 3.2 फीसदी की हिस्सेदारी है। इस हस्तांतरण के बाद इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 35.2 फीसदी हो जाएगी। भारती एयरटेल की वर्तमान में टेलीकॉम टॉवर कंपनी में 50.3 फीसदी की हिस्सेदारी है। इंफ्राटेल के मुताबिक, यह अधिग्रहण 18 मार्च को या उसके बाद होगा। सौदे के लिए शेयरों की कीमत अधिग्रहण के वक्त पर होने वाले बाजार मूल्य पर या उसके आस-पास होगी। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि हिस्सेदारी के इस हस्तांतरण से तीसरे पक्ष के शेयरों की बिक्री होगी और भारतीय एयरटेल को पैसे जुटाने में मदद मिलेगी। घोषणा के परिणास्वरूप, भारती एयरटेल के शेयरों में दिन के कारोबार के दौरान चार फीसदी से ज्यादा की वृद्धि देखी गई। अपराह्न 2:02 बजे बीएसई में भारती एयरटेल के शेयर की कीमत 347 रुपये थी, जो पिछले दिन के मुकाबले 3.99 फीसदी या 13.30 रुपये ज्यादा है।

सभी देसी कंपनियों कुछ जहाज ग्राउंडेड, बढ़ेगा किराया ?

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत ने इथोपियन एयरलाइंस के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मद्देनजर मंगलवार रात बोइंग 737 मैक्स 8 विमान को तुरंत प्रतिबंधित कर दिया। भारत में इस बैन का सीधा असर स्पाइस जेट और जेट एयरवेज पर पड़ा है। स्पाइस के पास ऐसे करीब 12, जबकि जेट एयरवेज के पास पांच विमान हैं। इस बैन का असर फ्लाइट्स पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि स्पाइसजेट ने बयान जारी कर यात्रियों को विश्वास दिलाया है कि वह यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने की हरसंभव कोशिश करेगी।

भारत में एविएशन कंपनियां इस समय अलग-अलग संकट से गुजर रही हैं और कई विमान उड़ान नहीं भर रहे हैं। तत्काल हवाई यात्रा का किराया सामान्य दिनों से काफी ज्यादा है। अब आशंका जताई जा रही है कि बोइंग 737 मैक्स 8 पर बैन से इसमें और बढ़ोतरी हो सकती है।

जेट एयरवेज के 119 विमानों के बेड़े में से 54 अभी ऑपरेशन से बाहर हैं। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल ने अबू-धाबी की विमान कंपनी एतिहाद से जेट के निर्बाध संचालन के लिए 750 करोड़ रुपये की मांग की है। एतिहाद की जेट के साथ पार्टनरशिप है।

इंडिगो अभी पायलटों की कमी से जूझ रहा है, इसलिए कंपनी ने अभी से अप्रैल महीने की शुरुआती कुछ दिनों तक रोजाना 30 उड़ानें रद्द करने का ऐलान कर दिया है। गो एयर भी अपने कुछ प्लेन्स नहीं उड़ा रही है।

चार माह बाद बढ़ी खुदरा महंगाई, फरवरी में 2.57 प्रतिशत

नयी दिल्ली (आरएनएस)। आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य सेवाओं के महंगा होने से फरवरी में खुदरा मूल्य आधारित महँगाई की दर चार महीने बाद फरवरी में बढ़कर 2.57 प्रतिशत पर पहुंच गयी। इससे पहले अक्टूबर 2018 से जनवरी 2019 के दौरान लगातार चार महीने इसमें गिरावट देखी गयी। जनवरी में यह 1.97 प्रतिशत रही थी। पिछले साल फरवरी में 4.44 प्रतिशत रही थी।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज यहाँ जारी आंकड़ों के

अनुसार, गत फरवरी में एक साल पहले के मुकाबले सब्जियों, फलों, चीनी और कन्फेक्शनरी उत्पाद तथा दालें सस्ती होने से खाद्य खुदरा महँगाई 0.66 प्रतिशत ऋणात्मक रही। फरवरी 2018 की तुलना में फरवरी 2019 में सब्जियों के दाम 7.69 प्रतिशत, चीनी और कन्फेक्शनरी उत्पादों के 6.92 प्रतिशत, फलों के 4.62 प्रतिशत और दालें तथा उनके उत्पाद 3.82 प्रतिशत सस्ते हुये हैं।

इसके बावजूद आवास तथा सेवाओं के महंगा होने से महंगाई की दर बढ़ी है। फरवरी में आवास 5.10 प्रतिशत, स्वास्थ्य सेवाएँ 8.82 प्रतिशत, शिक्षा 8.13 प्रतिशत, घरेलू उत्पाद एवं सेवाएं 6.29 प्रतिशत, मनोरंजन के साधन 5.54 प्रतिशत और सौंदर्य प्रसाधन 5.01 प्रतिशत महंगे हुये।

14 मार्च से लग रहे हैं होलाष्टक, जानें क्या होता है होलाष्टक

गुरुवार, फाल्गुन शुक्लपक्ष अष्टमी 14 मार्च से फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा 21 मार्च तक होलाष्टक रहेगा। इस अवधि में भोग से दूर रह कर तप करना ही अच्छा माना जाता है। इसे भक्त प्रह्लाद का प्रतीक माना जाता है। सत्ययुग में हिरण्यकशिपु ने घोर तपस्या करके ब्रह्मा जी से वरदान पा लिया। वह पहले विष्णु का जय नाम का पार्षद था, लेकिन शाप की वजह से दैत्य के रूप में उसका जन्म हुआ था। वरदान के अहंकार में डूबे हिरण्यकशिपु ने देवताओं सहित सबको हरा दिया। उधर भगवान विष्णु ने अपने भक्त के उद्धार के लिये अपना अंश उसकी पत्नी कयाधू के गर्भ में पहले ही स्थापित कर दिया था, जो प्रह्लाद के रूप में पैदा हुए।

प्रह्लाद का विष्णु भक्त होना पिता हिरण्यकशिपु को अच्छा नहीं लगता था। दूसरे बच्चों पर प्रह्लाद की विष्णु भक्ति का प्रभाव पड़ता देख पहले तो पिता हिरण्यकशिपु ने उसे समझाया। फिर न मानने पर उसे भक्ति से रोकने के लिए फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी को बंदी बना लिया। जान से मारने के लिए यातनाएं दीं, पर प्रह्लाद विष्णु भक्ति के कारण भयभीत नहीं हुए और विष्णु कृपा से हर बार बच गए। इसी प्रकार सात दिन बीत गए। आठवें दिन अपने भाई हिरण्यकशिपु की परेशानी देख उसकी बहन होलिका, जिसे ब्रह्मा जी ने अग्नि से न जलने का वरदान दिया था, प्रह्लाद को अपनी गोद में बिठाकर अग्नि में प्रवेश कर गई, पर हुआ उल्टा। देवकृपा से वह स्वयं जल मरी, प्रह्लाद को कुछ नहीं हुआ। नृसिंह भगवान ने हिरण्यकशिपु का वध किया।

जीएसटी काउंसिल में चीजे सस्ती करने के लिए चुनाव आयोग जल्द दे सकता है मंजूरी!

नईदिल्ली (आरएनएस)। जीएसटी काउंसिल की अहम बैठक 19 मार्च को होनी है. सूत्रों के मुताबिक जीएसटी काउंसिल ने रेट कटौती के फैसले को लेकर बैठक के लिए इलेक्शन कमीशन से मंजूरी मांगी है. आपको बता दें कि देश में आम चुनावों की घोषणा हो चुकी है. ऐसे में आचार संहिता लागू हैं. लिहाजा कोई फैसला लेने से पहले अब चुनाव आयोग की मंजूरी लेनी होगी. सूत्रों की माने तो राज्यों के रेवेन्यू डिपार्टमेंट के साथ अंडर कंस्ट्रक्शन प्रॉपर्टी पर जीएसटी कटौती का फायदा घर खरीदारों को देने की रूपरेखा तय की जाएगी.

मां बनने के बाद टेनिस कोर्ट में वापस लौटीं सानिया मिर्जा

नई दिल्ली। भारत में टेनिस को नई पहचान देने वाली टेनिस स्टार सानिया मिर्जा लंबे समय के बाद कोर्ट में फिर से नजर आएंगी. प्रैग्नेन्सी के चलते टेनिस कोर्ट से काफी समय से दूर रहने वाली सानिया जल्द ही इंटरनेशनल मैच में नजर आएंगी. सानिया ने आगामी टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए इसके लिए नेट प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है. सानिया के प्रैक्टिस का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. सानिया अब नए अंदाज में भारतीय युवा खिलाड़ियों को टेनिस खेल के प्रति प्रोत्साहित करेंगी. सानिया ने बच्चे को जन्म देने बाद पहली बार कोर्ट में प्रैक्टिस की और खुद ही अपने ट्विटर अकाउंट में पोस्ट किया है.

आपको बता दें कि सानिया मिर्जा प्रैग्नेन्सी के बाद टेनिस से दूरी बना ली थी, लेकिन अब वो एक बार फिर से वापसी के लिए तैयार हैं.

स्मिथ, वार्नर के लिए वापसी करना आसान नहीं : पोंटिंग

मेलबर्न (आरएनएस)। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर के लिए प्रतिबंध के बाद वापसी आसान नहीं होगी। पोंटिंग ने कहा कि पूर्व कप्तान और पूर्व उप-कप्तान को लेकर टीम के अंदर कोई समस्या नहीं होगी लेकिन प्रशंसकों और मीडिया के कड़े रुख का उन्हें सामना करना पड़ सकता है। स्मिथ और वार्नर पर बीते साल दक्षिण अफ्रीका में बॉल टेम्परिंग के कारण क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने एक साल का प्रतिबंध लगाया था जो 28 मार्च को समाप्त हो रहा है।

पोंटिंग ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मुझे नहीं लगता कि आंतरिक रूप से यह खिलाड़ियों के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि इस बारे में लंबे समय से उच्च स्तर पर बात हो रही होगी कि हम उन्हें वापस कैसे शामिल करें? वे किस तरह से टीम में फिट होंगे? यह सब आसानी से कैसे हो सकता है? पूर्व कप्तान ने कहा, लेकिन, इन खिलाड़ियों के लिए सबसे बड़ी चीज लोगों की बातें होंगी, खासकर इंग्लैंड में।

वे इंग्लैंड में होने वाले विश्व कप में वापस लौटेंगे तो उम्मीद नहीं करेंगे कि वहां उनकी पीठ थपथपाई जाएगी। उन्होंने कहा, उन्हें हर जगह पकड़ा जाएगा।

अपने आप को बोर्ड का प्रतिनिधि बताने वाले शख्स ने उड़ाई बीसीसीआई की नींद

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक शख्स के खिलाफ चेतावनी जारी की है. यह बहरूपिया भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी सीरीज में बीसीसीआई प्रतिनिधि बनकर स्टेडियम में विज्ञापन की जगह का प्रस्ताव रख रहा है. बीसीसीआई ने मंगलवार को एक बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी.बयान में बीसीसीआई ने कहा है, 'बीसीसीआई ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक नोटिस जारी किया है, जिसमें अपने आप को बोर्ड का प्रतिनिधि बता रहे एक शख्स के बारे में बताया गया है. यह बहरूपिया भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही सीरीज में स्टेडियम में विज्ञापन की जगह का प्रस्ताव रख रहा है. 'बयान के मुताबिक, 'बोर्ड बताना चाहता है कि यह व्यक्ति न ही बोर्ड का कर्मचारी है और न ही वह किसी तरह से बोर्ड से संबंध रखता है. इस तरह की गतिविधियों में फंसने से बचें. आपको सलाह दी जाती है कि अगर आपके सामने ऐसा मामला आए तो आप पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं.

बता दें पांच वनडे मैचों के सीरीज में शुरुआती दो मुकाबले जीतने के बाद टीम इंडिया की लय बिगड़ गई. रांची और विशेषकर मोहाली की जीत से ऑस्ट्रेलिया की टीम पूरे जोश में है. आज यानी बुधवार दोपहर 1.30 बजे से दिल्ली के फिरोजशाह कोटला के मैदान पर होने वाले इस मुकाबले में कांटे की टक्कर होगी. दोनों टीमें यह मैच जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी.

आज का राशिफल

मेष:- आज के दिन अपने निजी विचारों पर सोचसमझकर कार्य करने की सलाह गणेशजी दे रहे हैं। परिजनों के कार्य करते समय आपको समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभ:- आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावनाएं हैं। मन में उत्साह और विचारों की स्थिरता के कारण सभी कार्य आप अच्छी तरह से कर सकेंगे।

मिथुन:- आपकी वाणी और वर्तनी के कारण भ्रांति खड़ी न हो इसका ध्यान रखें। आवेश और उग्रता पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। आंखों में तकलीफ हो सकती है।

कर्क:- आज का दिन आपके लिए लाभकारी है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बिता सकते हैं। जो लोग अविवाहित हैं उनके लिए आज विवाह से जुड़े शुभ संयोग बने हैं।

सिंह:- आपके कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव आज पड़ेगा। उच्च अधिकारियों पर आपके कार्य का सकारात्मक असर होने से आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप आज अपना कार्य दृढ़ मनोबल और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ संपन्न करेंगे।

कन्या:- आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। मन चिंता से व्यग्र रहेगा। शारीरिक रूप से स्फूर्ति का अभाव रहने से थकान और अशक्ति का अनुभव होगा।

तुला:- किसी के साथ वाद-विवाद या झगड़ा न करें। क्रोध न करें। वाणी और वर्तन पर संयम बरतना आप ही के हित में है। शत्रुओं से भी सावधान रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक:- आज का दिन आपके लिए मनोरंजन का दिन है। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक में आज का दिन बहुत अच्छी तरह से बीतेगा। वस्त्राभूषण, वाहन और भोजन का अच्छा सुख प्राप्त होगा।

धनु:- आज का दिन आपके लिए बहुत अनुकूल है ऐसा गणेशजी कहते हैं। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रूप से प्रफुल्लता का अनुभव करेंगे।

मकर:- आज के दिन शारीरिक रूप से आलस्य, थकान, अशक्ति रहने के कारण अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। मानसिक रूप से भी आपको चिंता सताएगी।

कुंभ:- स्वभाव में हठीलापन छोड़ने के लिए गणेशजी आप को सूचित करते हैं। अधिक भावुकता के कारण मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। सामाजिक रूप से सम्मान का भंग न हो इसका ध्यान रखें।

मीन:- आवश्यक निर्णय लेने के लिए आज का दिन शुभ है। सृजनात्मक शक्ति में वृद्धि होगी। विचारों में स्थिरता तथा मन में दृढ़ता रहने से आप अपना कार्य बहुत अच्छी तरह से कर सकेंगे।

शकरपारे बनाने की विधि जानिए

आज हम आपको शकरपारे की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं. यह खाने में बहुत ही टेस्टी होते हैं और आप इन्हें आसानी से घर में बना सकते हैं, तो आइए जानते हैं शकरपारे बनाने की रेसिपी.

सामग्री-

दो कप मैदा, 1/2 कप घी, दो कप चीनी, तलने के लिए तेल या घी.

विधि-

1- शकरपारे बनाने के लिए सबसे पहले मैदे को एक बर्तन में छान लें. अब इसमें थोड़ा सा घी डालकर अच्छे से मिक्स करें, और थोड़ा थोड़ा पानी डालते हुए मुलायम आटे की तरह गूंथ लें. अब इस आटे को गीले कपड़े से ढक कर थोड़ी देर के लिए छोड़ दें.

2- अब इस आटे की लोई बना लें और फिर इसे मोटा बेल लें, अब चाकू की मदद से आधा आधा इंच के टुकड़ो में काटे और दूसरी ओर से भी इसे इस तरह से काटें. जिससे ये चौकोर बन जाए. इसी तरह से सारे शकरपारे बना लें.

3- अब एक कढ़ाई में घी डालकर गर्म करें. गर्म हो जाने पर तैयार किए हुए शकरपारे को डालकर ब्राउन होने तक तल लें.

4- चाशनी बनाने के लिए एक दूसरी कढ़ाई को गैस पर रख कर गर्म करें. अब इसमें चीनी और पानी डालकर उबलने दे. जब चीनी पानी में घुल जाए तो इसे थोड़ी देर पकाने के बाद गैस से उतारे, अब तैयार किए हुए शकरपारे को चाशनी में डालकर अच्छे से मिलाएं. और फिर इन्हें हाथों से अलग अलग करें.

5- लीजिये आप के शकरपारे तैयार हैं अब इन्हें एक एयरटाइट डिब्बे में भरकर रख दें.

शब्द सामर्थ्य-05

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 04 का हल

स्मृ	ति	■	पा	व	क	■	बे	ल
■	र	ज	नी	च	र	■	■	ट्टू
मु	स्का	न	■	न	म	की	न	■
सा	र	■	स	■	■	ट	ख	ना
फि	■	अ	जा	य	ब	■	रा	जा
र	च	ना	■	था	ल	■	■	य
■	■	धि	■	र्थ	■	स	मा	ज
उ	प	कृ	त	■	आ	वा	ज	■
ल्लू	■	त	■	■	ब	ल	रा	म

सू-दोकू-05

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.04 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3